# मुद्रास्फीति नियंत्रण पर फोकस

[स्रोत: द हिंदू](#)

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति समिति (Monetary Policy Committee- MPC) ने मुद्रास्फीति को 4% लक्ष्य के साथ संरेखित करने के लिये फरवरी 2024 में भी रेपो दर को 6.5% पर अपरिवर्तित रखा है।

- MPC का उद्देश्य **+/- 2% के बैंड के भीतर 4% मुद्रास्फीति का मध्यम अवधि का लक्ष्य हासिल करना** है।
- MPC ने **निभाव (Accommodation) को वापस लेने** पर ध्यान केंद्रित रखने का भी निर्णय लिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मुद्रास्फीति उत्तरोत्तर संवृद्धि को समर्थन प्रदान करते हुए लक्ष्य के साथ संरेखित हो।
    - उदार रुख का मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये **मुद्रा आपूर्ति का विस्तार** करने के लिये तैयार है।
    - निभाव को वापस लेने का मतलब **प्रणाली में धन की आपूर्ति को कम करना** होगा जो मुद्रास्फीति पर और लगाम लगाएगा।
- RBI के एक हालिया वक्तव्य में कहा गया है कि दिसंबर 2023 में हेडलाइन मुद्रास्फीति बढ़कर 5.7% हो गई, जो मुख्य रूप से खाद्य मुद्रास्फीति से प्रेरित है और निरंतर सतर्कता की आवश्यकता पर बल देती है।
- MPC मुद्रास्फीति लक्ष्य हासिल करने के लिये **आवश्यक नीतिगत ब्याज दर निर्धारित** करती है। RBI **मौद्रिक नीति की विभिन्न लिखतों** को नियोजित करके **मुद्रास्फीति और अपस्फीति** को नियंत्रित करता है जैसे:
    - रेपो दर, रिवर्स रेपो दर, बैंक दर, खुला बाज़ार परिचालन, सांविधिक तरलता अनुपात (SLR), नकद आरक्षित अनुपात (CRR), चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) और बाज़ार स्थिरीकरण योजना।

# मौद्रिक नीति की मात्रात्मक लिखतें

# QUANTITATIVE INSTRUMENTS OF MONETARY POLICY

## चलनिधि समायोजन सुविधा ( LAF )

- **रेपो दर ( RR ):** वह दर जिस पर **भारतीय रिज़र्व बैंक वाणिज्यिक बैंकों को ऋण देता है।** यहाँ, RBI **प्रतिभूतियों की खरीद** करता है।
- **रिवर्स रेपो दर:** वह **दर जिस पर भारतीय रिज़र्व बैंक देश के भीतर वाणिज्यिक बैंकों से धन उधार लेता है।** रेपो दर के के विपरीत।
- यदि RBI **सख्त मौद्रिक नीति** का संकेत देना चाहता है, तो वह **रेपो दर में वृद्धि** करेगा; बैंक अपनी **उधारी दरों में वृद्धि** करेंगे।

## बैंक दर

- यह एक **दीर्घकालिक दर** है (रेपो दर अल्पकालिक है) जिस पर केंद्रीय बैंक अन्य बैंकों को धन उधार देता है।
- **बैंक दर में वृद्धि से ऋण/जमा पर ब्याज दरों में वृद्धि** होगी और इसी तरह इसमें कमी से ऋण/जमा पर ब्याज दरों में कटौती होगी।

## सांविधिक चलनिधि अनुपात ( SLR )

- SLR **जमाओं की न्यूनतम हिस्सेदारी** है जो वाणिज्यिक बैंकों को अभारित **सरकारी प्रतिभूतियों, नकदी एवं स्वर्ण जैसी सुरक्षित व चल आस्तियों में रखना होता है।**
- यदि RBI **मौद्रिक नीति को सख्त करना चाहता है, तो वह SLR में वृद्धि** करेगा।

## नकद आरक्षित अनुपात ( CRR )

- बैंकों को अपनी **जमा राशि का एक निश्चित हिस्सा RBI के पास नकदी के रूप में रखना आवश्यक** है।
- **CRR में वृद्धि के साथ ही बैंक ऋण की दरों में वृद्धि** कर देते हैं।

## खुला बाजार परिचालन (OMOs)

- इनमें बैंकिंग प्रणाली में **टिकाऊ चलनिधि को इंजेक्ट/अवशोषित करने के लिये** रिज़र्व बैंक द्वारा **सरकारी प्रतिभूतियों की एकमुश्त खरीद/बिक्री** शामिल है।

दृष्टि The Vision
Drishti IAS

**और पढ़ें:** [RBI ने नीतिगत दरें अपरिवर्तित](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/focus-on-inflation-control